Panch Pargana Kisan College, Bundu, Ranchi University, Ranchi

National Service Scheme (NSS)

DRUGS AWARENESS_DATE: 26.06.2024

पीपीके कॉलेज में नशा मुक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददता। रांची

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू में बुधवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोज किया। इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों ने जनजागरण यात्रा भी निकाली। पंच परगना किसान (पीपीके) कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो मुकुल कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। समाज को नशा मुक्त करने के लिए उन्होंने युवाओं को आगे आने को कहा। इस दौरन कार्यक्रम प्रभारी डॉ आराधना तिवारी, डॉ तारकेश्वर कुमार, संगीता जायसवाल, डॉ अशोक शर्मा, डॉ दीप नारायण जायसवाल, डॉ रविकांत मेहता समेत कई लोग मौजूद थे।

नशा मुक्ति के लिए जागरूगता यात्रा निकाली

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में स्वयंसेवकों के द्वारा नशा मुक्ति हेतु जनजागरण यात्रा निकाली गयी, जो कॉलेज से शुरू होकर कॉलेज मोड़ हाइवे से होते हुए कॉलेज पर आकर समाप्त हुई। यात्रा का शुभारंभ प्राचार्य प्रो मुकुल कुमार ने किया प्राचार्य ने नशामुक्ति को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि नशा मुक्त भारत अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है। समाज को नशा मुक्त करने के लिए युवाओं का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक कार्यक्रम प्रभारी डॉ आराधना तिवारी, डॉ तारकेश्वर कुमार, संगीता जयसवाल, डॉ अशोक शर्मा, डॉ दीप नारायण जयसवाल, डॉ रविकांत मेहता, डॉ छटुराम प्रो हंस कुमार एवं सभी गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति के नारे लगाते हुए जनसामान्य को जागरूक किया।

आज दिनांक 26.06.2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पाँच परगना किसान कॉलेज, बुण्डू में नशा मुक्ति हेतु जन जागरण यात्रा का कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी ने किया। जिसमें नशा मुक्ति हेतु जन जागरण यात्रा कॉलेज परिसर से शुरू होकर कॉलेज मोड हाईवे तक निकाली गई। यात्रा का आरंभ प्राचार्य श्री मुकुल कुमार के उद्बोधन से हुआ।